**बिहार सरकार**
**सहकारिता विभाग**

पत्रांक................................../पटना, दिनांक...........................................
**03/सह०ब०योजना (आवंटन)–02/2025**

प्रेषक,

**अभय कुमार सिंह,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**निबंधक,**
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

विषयः– **बिहार राज्य भंडार निगम अन्तर्गत किशनगंज में 2 x 5000 मे०टन० के स्वीकृत नये विभागीय गोदाम के निर्माण के लिए कुल स्वीकृत राशि रू० 13,26,64,000/– (तेरह करोड़ छब्बीस लाख चौसठ हजार) के विरूद्ध रू० 3,88,48,380/– (तीन करोड़ अठासी लाख अड़तालीस हजार तीन सौ अस्सी) की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2024–25 में किये जाने के उपरांत अवशेष राशि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल रू० 9,38,15,620/– (नौ करोड़ अड़तीस लाख पन्द्रह हजार छः सौ बीस) मात्र के विरूद्ध रू० 2,78,15,620/– (दो करोड़ अठहत्तर लाख पन्द्रह हजार छः सौ बीस) रूपये के आवंटन के संबंध में।**

महाशय,

विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–32, दिनांक–17.04.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम मद में मांग संख्या–09 अंतर्गत मुख्य शीर्ष–2408–खाद्य, भंडारण तथा भंडागार, उप मुख्य शीर्ष–02–भंडारण और भंडागारण, लघु शीर्ष–190–सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों एवं अन्य उपक्रमों को सहायता, उप शीर्ष–0101–बिहार राज्य भंडार निगम को गोदाम निर्माण हेतु अनुदान, विपत्र कोड–09–2408021900101, विस्तृत शीर्ष–31–सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–05–सहायक अनुदान–परिसम्पतियों के निर्माण मद में रू० 2,78,15,620/– (दो करोड़ अठहत्तर लाख पन्द्रह हजार छः सौ बीस) रूपये का आवंटन दिया जाता है।

2. उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–227/वि0, दिनांक–28.03.2025 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2025 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–235/वि0, दिनांक–01.04.2025 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3. आवंटित राशि का नियमानुसार व्यय करते हुए उक्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र महालेखाकार को उपलब्ध कराया सुनिश्चित करेंगे।

4. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
**(अभय कुमार सिंह),**
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–........................................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– 40(अ०) /पटना, दिनांक– 01/08/2025

प्रतिलिपिः– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना/उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/विपत्र लिपिक, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना (दो मूल प्रतियों में)/विभागीय आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

01.08.25

सरकार के अपर सचिव।